स्टार्टअप इकोसिस्टिम रैंकिंग में उत्तर प्रदेश लीडर

चर्चा में क्यों?

4 जुलाई, 2022 को उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग द्वारा जारी स्टार्टअप इकोसिस्टिम रैंकिंग के तीसरे संस्करण में उत्तर प्रदेश को लीडर श्रेणी में शामिल किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- स्टार्टअप सुधारों से संबंधित 7 क्षेत्रों पर आधारित इस रिपोर्ट में राज्यों को 5 श्रेणियों में विभाजित किया गया है-
    - सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले
    - टॉप परफॉर्मर्स
    - लीडर्स
    - आकांक्षी लीडर्स
    - उभरते स्टार्टअप इकोसिस्टिम।
- रिपोर्ट के अनुसार गुजरात और कर्नाटक स्टार्टअप इकोसिस्टिम में सबसे आगे अर्थात् सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य हैं। टॉप परफॉर्मेंस वाले राज्यों में केरल, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना को शामिल किया गया है।
- वहीं लीडर्स श्रेणी में उत्तर प्रदेश के साथ-साथ उत्तराखंड, पंजाब, असम तथा तमिलनाडु जैसे राज्यों को शामिल किया गया है, जबकि आकांक्षी लीडर्स की श्रेणी में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली आदि का चयन किया गया है।
- उभरते हुए स्टार्टअप इकोसिस्टिम श्रेणी में आंध्र प्रदेश और बिहार शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-leader-in-startup-ecosystem-ranking